# तुलसी ने रामलीलाओं की परंपरा को जीवंत रूप दिया : शुक्ल

**तीन दिवसीय भारतीय भक्ति काव्य परम्परा प्रथम सर्ग का हो रहा आयोजन**

**हर रचनाकार अपनी दृष्टि, संवेदना और समय की परिस्थितियों के अनुसार रचना करता है : श्रीवास्तव**



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 9 नवंबर।** भारतीय ज्ञान परंपरा अध्ययन पीठ आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर का प्रयास के तहत तीन दिवसीय वार्षिक विमर्श श्रृंखला 'भारतीय भक्ति काव्य परम्परा' प्रथम सर्ग के द्वितीय दिवस 'तुलसी काव्य में अंतर्पाठ्यत्व', 'तुलसी और काशी' विषय पर प्रशासक, अध्येता एवं लेखक मनोज श्रीवास्तव (मप्र निर्वाचन आयुक्त) और रंगकर्मी व संस्कृतिकर्मी व्योमेश शुक्ल द्वारा व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के फाउंडर चांसलर श्री रमाशंकर सिंह, चांसलर श्रीमती रुचि सिंह, प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, वाइस चांसलर प्रोफसर योगेश उपाध्याय सहित, विभिन्न विभागों के विभागध्यक्ष, डीन, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, देशभर से आए व्याख्याता, कला समीक्षक, रंगकर्मी कलाकार और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया।

भारतीय ज्ञान परंपरा अध्ययन पीठ आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के प्रयास के तहत वार्षिक विमर्श श्रृंखला 'भारतीय भक्ति काव्य परम्परा' प्रथम सर्ग के अंतर्गत द्वितीय दिवस तृतीय सत्र का आयोजन संस्थान तुरारी परिसर के एलडीवी ब्लॉक स्थित उस्ताद अलाउद्दीन खान सभागार में हुआ। जहां प्रशासक, अध्येता एवं लेखक मनोज श्रीवास्तव (मप्र राज्य निर्वाचन आयुक्त) ने 'तुलसी काव्य में अंतर्पाठ्यत्व' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने वाल्मीकि रामायण और तुलसीदास की रामचरितमानस की तुलनात्मक समीक्षा प्रस्तुत करते हुए कहा कि एक ही प्रसंग की विभिन्न रचनाओं को रचनाकारों ने अपने-अपने अनुरूप प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग यह आरोप लगाते हैं कि तुलसीदास ने वाल्मीकि की नकल की है, परंतु यह आरोप निराधार है। यह नकल नहीं बल्कि रचनात्मक पुन:सृजन है। हर रचनाकार अपनी दृष्टि, संवेदना और समय की परिस्थितियों के अनुसार रचना करता है।

**काशी ने आधुनिकता को अपनाया है, पर अपनी संस्कृति, परंपरा और मस्ती को कभी नहीं छोड़ा: रंगकर्मी व संस्कृतिकर्मी व्योमेश शुक्ल** रंगकर्मी व संस्कृतिकर्मी व्योमेश शुक्ल ने 'तुलसी और काशी' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने काशी की संस्कृति, परंपरा और आत्मा का गहन विवेचन करते हुए कहा कि काशी केवल एक शहर नहीं, बल्कि एक जीवित चेतना है। उन्होंने बताया कि 'काशी' शब्द का एक अर्थ 'प्रकाश' है और दूसरा 'विकास'। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर तो बनारस है, परंतु उस शहर की आत्मा काशी में बसती है। उन्होंने कहा कि उन्होंने बताया कि तुलसीदास को उस समय घनघोर विरोध का सामना करना पड़ा, लेकिन तुलसी ने इस विरोध से विचलित हुए बिना अपना सांस्कृतिक प्रतिरोध खड़ा किया। व्योमेश शुक्ल ने कहा कि दबंगई का मुकाबला कविता से नहीं किया जा सकता। तुलसी ने बनारस की दबंगई का जवाब अपने राजापुर के देसी तरीके से दिया। भारतीय ज्ञान परंपरा अध्ययन पीठ आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर का प्रयास के तहत वार्षिक विमर्श श्रृंखला 'भारतीय भक्ति काव्य परम्परा' प्रथम सर्ग के अंतर्गत आयोजित तृतीय सत्र में सवाल-जवाब सेशन का भी आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ता मनोज श्रीवास्तव और व्योमेश शुक्ला ने छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए तुलसीदास, काशी और रामचरित मानस से जुड़े सवालों के जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया।

# गौवंश के उपचार के लिये जिला स्तर पर कंट्रोल रूम गठित

**कंट्रोल रूम प्रात: 8 .30 से रात्रि 8 .30 बजे तक रहेगा संचालित**

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 09 नवम्बर।** गौवंश में लम्पी वायरस रोग की संभावनाओं को देखते हुए पशु पालन एवं डेयरी विभाग द्वारा जिला स्तर पर कंट्रोल रूम का गठन किया गया है, इसका दूरभाष नम्बर 0751-2930300 है।

उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पशुओं में लम्पी वायरस रोग के लक्षण बुखार आना, शरीर पर गांठ बनना, पशुओं का चारा खाना छोड़ना, चलने में कठिनाई आना है। वर्तमान में जिले में किसी भी जानवर को लम्पी रोग से पीड़ित होना नहीं पाया गया है। सुरक्षात्मक दृष्टिकोंण से विभाग द्वारा आईसोलेशन सेंटर बनाया गया है। विभाग के माध्यम से 24985 गौवंशों में टीकाकरण किया जा चुका है। टीकाकरण का कार्य जारी है। जिले में संचालित कंट्रोल रूम प्रात: 8.30 से रात्रि 8.30 बजे तक संचालित रहेगा। कोई भी पशुपालक पशुओं में अगर कोई भी लक्षण आता है तो कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकता है।

विभाग द्वारा गठित किए गए कंट्रोल रूम में डॉ. अंकित पचौरी एवं श्रीमती हेमा रजक को प्रात: 8.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक और श्री कपिल सेंगर एवं श्री बनवारीलाल को दोपहर 2.30 से रात्रि 9 बजे तक के लिये तैनात किया गया है। कंट्रोल रूम में कोई भी शिकायत प्राप्त होने पर शिकायत को पंजीबद्ध करने के साथ-साथ विभागीय स्तर पर कार्रवाई की जायेगी।

# जेयू की भौतिकी अध्ययनशाला में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**भारतीय ज्ञान प्रणाली केवल अतीत की विरासत नहीं : प्रो .तिवारी**

**भारतीय ज्ञान प्रणाली विज्ञान को नैतिकता और मानवीय दृष्टि प्रदान करती है : डॉ . आचार्य**



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,09नवम्बर।** वैदिक कालीन विज्ञान में प्रकृति, ऊर्जा, गति और तत्वों के गहन अध्ययन का जो दृष्टिकोण था, वही आज के आधुनिक अनुसंधानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन सकता है।योग, आयुर्वेद और वास्तुशास्त्र जैसे क्षेत्रों में आधुनिक विज्ञान आज शोध कर रहा है। नैनोटेक्नोलॉजी और ऊर्जा विज्ञान में भी पारंपरिक धातु और औषध निर्माण तकनीकों की वैज्ञानिकता सिद्ध हो रही है। भारतीय ज्ञान प्रणाली केवल अतीत की विरासत नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की विज्ञान-प्रौद्योगिकी के लिए मार्गदर्शक है। भौतिक विज्ञान के आधुनिक विकास में भारतीय दृष्टि का समावेश वैज्ञानिक अनुसंधान को अधिक मानवीय, संतुलित और समग्र बना सकता है।यह बात रविवार को जेयू के भौतिकी अध्ययनशाला में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन सत्र में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलगुरू प्रो. संजय तिवारी ने बतौर मुख्य अतिथि कही। वहीं अध्यक्षता जेयू के कुलगुरू डॉ.राजकुमार आचार्य ने की।प्रो. डीसी गुप्ता ने अतिथियों का परिचय कराया। वहीं प्रो.डीसी तिवारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जेयू के कुलगुरू डॉ.राजकुमार आचार्य ने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली विज्ञान को नैतिकता और मानवीय दृष्टि प्रदान करती है। यह केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि भविष्य की वैज्ञानिक दिशा का आधार भी है। कुलसचिव प्रो.राकेश कुशवाह ने संगोष्ठी के उद्देश्य और निष्कर्षों पर प्रकाश डाला।संगोष्ठी में देशभर से आए वैज्ञानिकों, शिक्षकों एवं शोधार्थियों ने भारतीय ज्ञान परंपरा के वैज्ञानिक पक्षों और आधुनिक विज्ञान में उसकी उपयोगिता पर विचार-विमर्श किया। वक्ताओं ने कहा कि भारत की वैदिक और दार्शनिक परंपराओं में भौतिक विज्ञान के अनेक मूल सिद्धांत निहित हैं, जिनका आधुनिक अनुसंधान में पुन: अवलोकन आवश्यक है।दो दिवसीय संगोष्ठी के दौरान 7 तकनीकी सत्र आयोजित किए गए जिसमें 35 से अधिक शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए।कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों को शॉल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन डॉ. साक्षी गौतम ने किया।प्रो.एके श्रीवास्तव के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर प्रो.एसएन मोहापात्रा, प्रो.राधा तोमर, डॉ.अशोक बरैया, डॉ.स्वर्णा परमार, डॉ. निमिषा जादौन, डॉ.पीके जैन, डॉ.सतेंद्र सिकरवार, प्रो. एसके श्रीवास्तव, डॉ.सपन पटेल, डॉ.लालू भदौरिया सहित शोधार्थी व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## देशी कट्टा व एक जिंदा राउंड सहित युवक गिरफ्तार

**ग्वालियर।** कुण्ड़ेश्वर मंदिर के सामने मऊछ रोड़ पर एक लड़का पुलिस की गाड़ी को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिस पर संदेह होने से उक्त लड़के को पुलिस टीम द्वारा घेरकर पकड़ा और नाम व पता पूछताछ के बाद उसकी तलाशी लेने पर कमर में दाहिनी तरफ एक कट्टे की नाल (चैम्बर) में एक 315 बोर का एक जिन्दा कारतूस मिला। नाबालिग लड़के का कृत्य धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत दण्डनीय पाया जाने से मौके पर बाल अपचारी के कब्जे से कट्टा व कारतूस को जप्त कर आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। थाना पनिहार पुलिस द्वारा बाल अपचारी को अभिरक्षा में लेकर अवैध हथियार के संबध मे विस्तृत पूछताछ की गई।

# जीवाजी विश्वविद्यालय में मनाया जाएगा जनजातीय गौरव दिवस

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 09 नवम्बर।** धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के समापन वर्ष के उपलक्ष्य में जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 11 नवम्बर को दोपहर 12 बजे विश्वविद्यालय के गालव सभागार में एक दिवसीय जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी विभागों के शिक्षक, अतिथि शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं सम्मिलित होंगे। इसके साथ ही विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुण्डा जी के जीवन एवं योगदान पर निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करने का भी आग्रह किया गया है। छात्र-छात्राओं द्वारा लिखे गए निबंधों को दिनांक 17 नवम्बर 2025 तक अधिष्ठाता, छात्र कल्याण कार्यालय में भेजना अनिवार्य रहेगा।

पीआरओ डॉ. विमलेन्द्र सिंह राठौर ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्रा को आगामी 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर माननीय कुलगुरू द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

## नीलेश मौर्य बने जनपद पंचायत सीईओ



**ग्वालियर-** मध्यप्रदेश लोक सेवा परीक्षा 2023 (एमपीपीएस) के अभी हाल ही जारी परीक्षा परिणाम में शंकर कालोनी गोल पहाडिया लश्कर ग्वालियर निवासी अवतार सिंह मौर्य एवं श्रीमती ममता मौर्य के सुपुत्र नीलेश मौर्य ने अपने द्वितीय प्रयास में जनपद पंचायत सीईओ बनकर अपने माता पिता एवं समाज का नाम रोशन किया है।

नीलेश मौर्य का डिप्टी कलेक्टर के पद पर एस सी केटेगिरी में बेटिंग लिस्ट में प्रथम स्थान है! नीलेश की इस उपलब्धि पर अजाक्स के संभागीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण जाटव ईष्ट मित्रो ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# बिजली बकायादारों के लिए शुरू समाधान योजना को मिला अच्छा रिस्पांस

**6 करोड़ 11 लाख का सरचार्ज हुआ माफ : ऊर्जा मंत्री तोमर**




**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,09नवम्बर।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई समाधान योजना 2025-26 को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। अब तक 6 दिनों में ही 8163 उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लिया है, जिनका 6 करोड़ 11 लाख रुपए सरचार्ज माफ हुआ है। इस दौरान उन्होंने ग्वालियर क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के तहत हुए निर्माण एवं विकास कार्यों की भी जानकारी दी।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि तीन माह से अधिक के विलम्बित बिल के भुगतान पर मध्य प्रदेश सरकार ने सरचार्ज में भारी छूट देने का फैसला लिया है। इस फैसले के क्रियान्वयन के लिये समाधान योजना 2025-26 विगत 3 नवम्बर से शुरू होकर 28 फरवरी 2026 तक लागू रहेगी। यह योजना दो चरणों में है। पहला चरण 3 नवम्बर से 31 दिसम्बर 2025 में 60 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत सरचार्ज माफ किया जा रहा है। इसी प्रकार दूसरा चरण 1 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक है जिसमें में 50 से 90 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जा रहा है। इस योजना में दो प्रकार के भुगतान विकल्प दिये गये हैं। एकमुश्त भुगतान पर अधिकतम छूट रहेगी साथ ही 6 किश्तों में भुगतान की आसान सुविधा उपलब्ध करायी गई है। इस योजना में घरेलू (कृषि) गैर घरेलू एवं औद्योगिक उपभोक्ता शामिल है। इस योजना में पंजीकरण हेतु न्यूनतम भुगतान के लिये घरेलू (कृषि) उपभोक्ताओं पर बकाया राशि का 10 प्रतिशत एवं गैर घरेलू औद्योगिक उपभोक्ताओं पर बकाया राशि का 25 प्रतिशत राशि जमा कराने का प्रावधान है। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि समाधान योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए नजदीकी विद्युत वितरण केन्द्र या मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की वेबसाइट श्चशह्लद्धड्ड्ढ. द्बश्च५.द्दश्व पर विजिट करें अथवा कॉल सेंटर के टोल फ्री नंबर 1912 पर संपर्क करें। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि समाधान योजना 2025-26 में मध्य प्रदेश के 91 लाख 84 हजार उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। जिन पर बकाया मूल राशि 8353.99 करोड़ रुपए है, एवं सरचार्ज की राशि 3812.75 करोड़ है जो कि माफ़ी योग्य है, यह भुगतान करने के तरीके एवं समयावधि पर निर्भर करती है।

ऊर्जा मंत्री ने आगे बताया कि 3 नवंबर 2025 से 8 नवंबर 2025 तक प्रदेश के कुल 8163 उपभोक्ताओं ने इस योजना का लाभ लिया है, जिनकी कुल 6 करोड़ 11 लाख की सरचार्ज राशि माफ़ की जा चुकी है एवं वितरण कम्पनियों को कुल 11 करोड़ 15 लाख की बकाया राशि प्राप्त हुई है।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश में तीन बिजली वितरण कंपनियां हैं इसमें मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 10 करोड़ 31 लाख की बकाया राशि वसूल की है। इसी प्रकार पूर्व क्षेत्र वितरण कंपनी ने 45 लाख की राशि एवं पश्चिम क्षेत्र ने 84 लाख की राशि वसूल की है।ऊर्जा मंत्री ने ग्वालियर रीजन की जानकारी देते हुए बताया कि समाधान योजना के अंतर्गत लगभग 18 लाख उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। इनमें से 03 नवम्बर से अब तक 2484 उपभोक्ताओं ने लाभ ले लिया है। उन्होने बताया गया कि ग्वालियर जिले में 2 लाख 97 हजार उपभोक्ता इस योजना से लाभावित होंगे और अब तक 460 उपभोक्ताओं ने इस योजना का लाभ लेकर 1 करोड़ 7 लाख रूपये से भी अधिक राशि जमा कर 57 लाख रूपये सरचार्ज की छूट प्राप्त की है।

# तुलसी विवाह का आयोजन आज



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,09नवम्बर।** तुलसी विवाह का आयोजन मिलन गार्डन में सोमवार को होगा। विवाह से पहले भगवान शालिग्राम एवं तुलसी मैया की गोद भराई, तेल, टीका, हल्दी एवं मेहंदी एवं लेडीज संगीत आदि रस्म पूरी की गई हैं। शालिग्राम भगवान के माता-पिता ज्योति अग्रवाल एवं लक्ष्मी नारायण अग्रवाल बने। तुलसी मैया के माता-पिता रश्मि अग्रवाल एवं अजय अग्रवाल बने। कार्यक्रम की संयोजक आरती बंसल, दीपिका मित्तल,कुसुम मित्तल, नीतू गर्ग निक्की गुप्ता आदि हैं।


जैन मार्बल एंड कोटा स्टोन
हमारे यहां साउथ ग्रेनाइट, राजस्थान ग्रेनाइट, मार्बल, टाईल्स एवं कोटा स्टोन डायरेक्ट फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है



डॉ. विनोद जैन
9425360508
पता - ऋतुराज होटल के पास पुरानी छावनी रोड, ग्वालियर
गोले का मंदिर भिंड रोड, लीला हॉस्पिटल के पास, ग्वालियर
पारस जैन - 74892 60095


# सरदार पटेल के कामों को भुलाया नहीं जा सकता : विधानसभा अध्यक्ष

**पटेल ने अनुकरणीय कार्य किया - सांसद कुशवाह, तीन दिवसीय पदयात्रा का शुभारंभ**




**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,09नवम्बर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय यूनिटी मार्च पदयात्रा का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य एवं क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह की विशेष उपस्थित में प्रारंभ हुआ। विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने इस अवसर पर कहा कि देश की एकता, एकात्मता और देश की मजबूती के लिये सरदार वल्लभ भाई पटेल ने जो काम किया है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। ग्वालियर की थीम रोड कटोराताल स्थित मेडीकल कॉलेज से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती के उपलक्ष्य में प्रारंभ हुई यात्रा के शुभारंभ अवसर पर पूर्व सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह, ध्यानेन्द्र सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष अभय चौधरी, कमल माखीजानी, गंगाराम बघेल, साडा के पूर्व अध्यक्ष जयसिंह कुशवाह, राकेश जादौन, मुन्नालाल गोयल, पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता, देवेन्द्र प्रताप सिंह तोमर, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान सहित प्रशासनिक अधिकारी, यात्रा के संयोजक धर्मेन्द्र सिंह तोमर, जनप्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्रायें एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का जो अभूतपूर्व कार्य किया है वह सबके सामने आए इसलिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश भर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती के अवसर पर यात्राओं का आयोजन कर जन-जन को उनके द्वारा देश की मजबूती के लिये किए गए कार्यों को बताया जा रहा है। इस यात्रा में युवाओं के साथ-साथ समाज के सभी वर्ग जनभागीदार बनें और अपने देश को और मजबूत करने में अपना योगदान दें। क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती पर तीन दिवसीय यात्रा का शुभारंभ मेडीकल कॉलेज से किया जा रहा है। यहां पर वर्ष 1948 में सरदार पटेल ने मेडीकल कॉलेज का शुभारंभ किया था। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने देश की मजबूती के लिये अनुकरणीय कार्य किया है। उन्होंने रियासतों का एकीकरण कर भारत देश को मजबूती प्रदान की है।

**सोमवार को किलागेट से प्रारंभ होगी पदयात्रा**

यात्रा 10 नवम्बर सोमवार को किलागेट से प्रारंभ होगी। क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर सहित जनप्रतिनिधि, युवा, छात्र-छात्रायें व गणमान्य नागरिक यात्रा में शामिल होंगे। यह यात्रा किलागेट से प्रारंभ होकर घासमंडी, कोटेश्वर, उरवाई गेट, सूर्य नगर, जीटी पैलेस पर समाप्त होगी। समापन अवसर पर सीमेंट कंक्रीट सड़क का भूमिपूजन भी अतिथियों द्वारा किया जायेगा।

## केआरजी कॉलेज में दो दिनी राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**ग्वालियर।** शासकीय केआरजी कॉलेज में पर्यावरणीय चुनौतियों और स्थिरता के संबंध में 2047 के लिए भारत का दृष्टिकोण-विकसित भारत विषय पर दो दिनी राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का समापन रविवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमिटी विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. राजेश सिंह तोमर थे। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव ने की। मुख्य वक्ता बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. प्रकाश चंद्र यादव रहे। प्रथम तकनीकी सत्र में 6 शोधपत्रों का वाचन किया गया।इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. प्रकाश चंद्र यादव ने बताया कि विकसित भारत 2047 के संदर्भ में नवीनतम एवं आधुनिक तकनीक के साथ प्राचीन ज्ञान का समायोजन कर विकसित भारत की संकल्पना को किस तरह से साकार कर सकते हैं। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता डॉ. वेदप्रकाश श्रोत्रिय एवं सह अध्यक्षता डॉ. दीपक पाठक ने की। इस सत्र में 8 शोधपत्र पढ़े गए।

बाल दिवस
के अवसर पर सभी बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं
सभी देशवासियों को (14 नवंबर)
Childern Day एवं स्वतंत्र भारत के पहले प्रधान मंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू जी के जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं



प्रो- एस.एन. शुक्ला (गणित)
AM-70, डी डी नगर, ग्वालियर
Mob. - 9179416408


## न्यू जवाहर कॉलोनी में रामकथा का 5वां दिन



**ग्वालियर।** सीता और राम अलग-अलग नहीं हैं, बल्कि सीताराम ही ब्रह्म हैं, जो सीताराम का भजन करता है, उसे सांसारिक कष्टों से मुक्ति मिल जाती है और उसका कल्याण हो जाता है। रामकृपा पाने के लिए सीता माता का कृपा पात्र होना जरूरी है। जिस पर माता जानकी की कृपा हो जाती है उस पर रामकृपा जरूर करते हैं। यह विचार माधवाचार्य महाराज ने न्यू जवाहर कॉलोनी में आयोजित रामकथा के पांचवे दिन रविवार को व्यक्त किए। उन्होंने श्रीराम के जनकपुरी में प्रवेश के प्रसंग का बहुत ही सुंदर वर्णन करते हुए कहा कि श्रीराम जैसे ही जनकपुरी में प्रवेश करते हैं, वहां के नर-नारी उन्हें अपलक निहारते रह जाते हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, डॉ. जितेंद्र सिंह राजावत, अशोक पटसारिया, बृजबिहारी वाजपेई, कारेलाल सिंह राजावत, हरगोविंद कुशवाह, अतर सिंह तोमर, महेश भदौरिया, संजीव यादव, लक्ष्मण शर्मा, नंदकिशोर बौहरे, रवि तोमर, अमर सिंह, सुदामा यादव, डॉ. केपी सिंह चौहान, हाकिम सिंह यादव, आचार्य सत्येंद्र गुरु, अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नेहरू पार्क में सिंथेटिक ट्रैक का भूमिपूजन हुआ

**ग्वालियर।** क्षेत्रीय सांसद भारत सिंह कुशवाह ने नेहरू पार्क में आमजनों के लिये विकसित किए जा रहे सिंथेटिक ट्रैक का भूमिपूजन भी किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।


नवभारत
संपादकीय विभाग में आवश्यक्ता है...
करीब एक सदी की गौरवशाली विरासत रखने वाले देश के प्रमुख अग्रणी लोकप्रिय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र नवभारत के ग्वालियर संस्करण के संपादकीय विभाग में निम्नानुसार पदों पर आवश्यक्ता है...
**एक सिटी डेस्क इंचार्ज-** (आवेदक वरिष्ठ व अनुभवी होना चाहिए, नगर डेस्क के लिए )
**एक प्रांतीय डेस्क इंचार्ज-** (अनुभवी को प्राथमिकता, प्रांतीय डेस्क के लिए)
**दो रिपोर्टर -** (अनुभवी के साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में कैरियर बनाने के इच्छुक युवा भी आवेदन कर सकते है)
एक सप्ताह की अवधि में अपने रिज्यूम नवभारत, ग्वालियर के कार्यालय पर स्वयं के संबंध में संपूर्ण जानकारी के साथ भेजें। ईमेल पर भी आवेदन स्वीकार्य हैं।
**स्थानीय संपादक ,नवभारत**
**नवभारत भवन ,सिटी सेंटर, ग्वालियर (मप्र)**
**ईमेल : bharatnava@gmail.com**



रूद्रा सोल्यूशनस
YAKUZA ELECTRIC VEHICLES
मोटर,कन्ट्रोलर, चार्जर बैटरी पर 1 साल गारंटी के साथ मे
➤ 4 बैटरी स्कूटी अब मात्र = ₹ 33500/-
➤ 5 बैटरी स्कूटी अब मात्र = ₹ 37000/-
➤ 6 बैटरी स्कूटी अब मात्र = ₹ 40800/-
आसान किस्त सुविधा के साथ
BAJAJ FINSERV



MOB. 9039932167
पता - शताब्दीपुरम रेल्वे पुल के बगल से यादव धर्म कांटा मुरैना लिंक रोड ग्वालियर



डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
गुप्त रोग विशेषज्ञ
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95